तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 14. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 9 जनवरी 2026



निरंतर भगवान की कथा का करते रहना चाहिए रसपान 2



## खबर संक्षेप

### कार्य में लापरवाही, बासीन पंचायत सचिव निलंबित

**मालखरौदा।** जनपद पंचायत मालखरौदा अंतर्गत ग्राम पंचायत बासीन के सचिव भूपेंद्र मानिकपुरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, सचिव भूपेन्द्र दास मानिकपुरी को जनपद पंचायत मालखरौदा से जारी आदेश के तहत 19 जून 2025 को ग्राम पंचायत मिरौनी से बासीन में पदस्थ किया गया था। इस बीच ग्राम पंचायत के द्वारा अवगत कराया गया कि भूपेन्द्र दास मानिकपुरी के द्वारा लगभग 6 माह से दस्तावेज, चेक पंजी, चेक बुक, पास बुक एवं समस्त दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। इस पर प्रभार देने संबंधी जनपद पंचायत से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह की पात्रता होगी। निलंबित अवधि के दौरान मुख्यालय जनपद पंचायत मालखरौदा निर्धारित किया गया है।

### जुआ खेल रहे 9 जुआरी गिरफ्तार, साढ़े 45 हजार जब्त

**सक्ती।** डभरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने जुए पर बड़ी कार्यवाही करते हुए 9 जुआरियों को जुआ खेलते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुआरियों के कब्जे से 45 हजार 500 नगद सहित बुलेट, पल्सर, स्प्लेंडर, हीरो ग्लैमर, होंडा शाइन, अपाचे जैसे 14 बाईक, 08 मोबाइल फोन ताश और 02 नग प्लास्टिक की चटाई जप्त किया है। फिलहाल सभी जुआरियों के खिलाफ डभरा थाने में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### कोतवाली थाना क्षेत्र के मामले मुंबई एनडीपीएस कोर्ट का आया फैसला

# मादक पदार्थो की तस्करी मामले में बड़ी कार्रवाई, 35 लाख की संपत्ति फ्रीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मादक पदार्थ की बिक्री के मामले में एनडीपीएस कोर्ट मुंबई ने बड़ा फैसला देते हुए आरोपी और उसकी पत्नी के नाम से 35 लाख रुपए की चल अचल संपत्ति को फ्रीज करने के आदेश दिए है। खास बात यह है कि मामला 7 साल पुराना है, जिसमें विशेष न्यायाधीश नारकोटिक्टस ने आरोपी को 10 वर्ष और 1 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी। मामला जिले के जर्वे गांव का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2018 में सिटी कोतवाली पुलिस जांजगीर ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जांजगीर थाना अंतर्गत ग्राम जर्वे निवासी महेन्द्र साहू पिता किशनलाल साहू को पकड़ा था। उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी 4 अपराध एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किए गए थे। उसके खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध कायम कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। इस दौरान अपराध क्रमांक 487/18 में विशेष न्यायालय जांजगीर से उसे 26 जून 2019 को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 1 लाख रुपए का जुर्माना किया गया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में नारकोटिक्स पदार्थों के अवैध तस्करी से अर्जित लगभग 35 लाख की चल अचल संपति को एसएएफएमए / एनडीपीएस कोर्ट मुंबई ने एनडीपीएस अधिनियम 1985 की धारा 68(सी) का उल्लंघन करार देते हुए 30 दिसंबर 2025 को उसके द्वारा अर्जित तकरीबन 35 लाख रुपए की चल अचल संपत्ति को फ्रीज करने का आदेश दिया है। जिन संपत्तियों को फ्रीज करने के आदेश एनडीपीएस विशेष न्यायालय मुंबई ने दिए है, उसमें आरोपी महेन्द्र साहू के साथ उसकी पत्नी के नाम से दर्ज चल अचल संपत्ति को भी फ्रीज किया गया है। माननीय न्यायालय ने उक्त संपत्ति को मादक पदार्थ की तस्करी करके अवैध रूप से अर्जित करना करार दिया है। इनमें जांजगीर में 10 लाख रुपए कीमती की जमीन, 1 लाख 64 हजार 8 सौ मूल्य की कृषि जमीन, 6 लाख 13 हजार 6 सौ रुपए कीमत की सुकली गांव में जमीन और सुकली गांव में ही 7 लाख 16 हजार मूल्य की जमीन इसके अलावा हथनेवरा में 3 लाख 51 हजार 981 रुपए की जमीन, एक्वा फोर जी स्कूटी 30 हजार, महिन्द्रा बोलेरा पिकअप 5 लाख 30 हजार और हीरो स्लेण्डर बाइक मिलाकर कुल 35 लाख की चल संपत्ति को फ्रीज करने के आदेश दिए है।

#### खास बातें

- आरोपी को विशेष न्यायाधीश जांजगीर से मिली है 10 साल कारावास व 1 लाख रुपए के जुर्माने की सजा
- वर्ष 2018 में कोतवाली पुलिस ने की थी कार्रवाई, मादक पदार्थो के साथ पकड़ा गया था आरोपी





#### जिले में पहली बड़ी कार्रवाई

एनडीपीएस एक्ट के मामले में मुंबई विशेष न्यायालय नारकोटिक्स द्वारा जांजगीर चांपा जिले के कोतवाली थाना के अपराध क्रमांक 487/18 मामले में आरोपी की चल अचल संपत्ति फ्रीज करने के आदेश दिए गए है। यह जिले में इस तरह की पहली बार बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि मुंबई विशेष न्यायालय द्वारा 30 दिसंबर 2025 को आदेश पारित किया गया है। जिसमें आरोपी महेन्द्र साहू और उसके पत्नी के नाम से दर्ज 35 लाख की चल अचल संपत्ति फ्रीज की गई है।

# बेलगाम हुआ नवागढ़ सहकारी बैंक भुगतान पाने भटकते है किसान

### सुबह से शाम तक कतार लगने के बाद भी नहीं मिलती पूरी रकम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला सहकारी बैंक नवागढ़ इन दिनों पूरी तरह से बेलगाम हो चला है। एक ओर जहां कैश की किल्लत के चलते किसानों को दिन भर की मशक्कत के बाद पूरी राशि नहीं मिल पाती, तो वहीं जिम्मेदार प्रबंधक की अनुपस्थिति और स्टाफ कर्मचारियों के रूखे बर्ताव से किसान बेवजह परेशान होते है। बताया जाता है कि किसानों के लिए 25 हजार का लिमिट निर्धारित किया गया है, जबकि बिचौलियों के लिए कोई लिमिट नहीं होता। इसको लेकर भी कई तरह के सवाल उठने लगे है।

राज्य शासन की मंशा अनुसार चल रही समर्थन मूल्य पर धान खरीदी इन दिनों पूरे शबाब पर है। धान बेचने के लिए किसानों के खाते में आनलाइन रुपए भी जमा हो रहे है। जिसकी जानकारी मोबाइल नंबर पर एक दो दिन में मिल जाती है। इसके बाद अपने ही खाते में जमा रकम को निकलवाने के लिए किसानों को ना केवल जिला सहकारी बैंक के चौखट पर सुबह से शाम तक कतार में खड़ा रहना पड़ता है, बल्कि घंटों इंतजार के बाद उन्हें पूरी राशि भी नहीं मिलती। इतना ही नहीं नवागढ़ जिला सहकारी बैंक में किसान आवश्यकतानुसार रुपए नहीं मिलने के अलावा यहां के कर्मचारियों के मनमाने बर्ताव से क्षुब्ध होते है। बताया जाता है कि जिला सहकारी बैंक में शाखा प्रबंधक की अनुपस्थिति और उपस्थित बैंक स्टाफ द्वारा खाता से रुपए निकलवाने पहुंचे किसानों को लिमिट का हवाला देकर निकासी पत्रक में भरी गई राशि को कम करने और बेवजह फटकार लगाने की शिकायतें आम हो चली है। नवागढ़ क्षेत्र के तुलसी, उदयभांठा, खैरताल से पहुंचे किसानों ने बताया कि सप्ताह में एक दिन उनके गांव की बारी आती है। इस तिथि में दिन भर लाइन लगने के बाद आवश्यकतानुसार राशि का भुगतान नहीं किया जाता। निकासी पत्र में जितनी राशि लिखा जाता है, उसे कम कर देते है। इस कारण माह भर में पूरी राशि नहीं मिल पाती।



बैंक में लगी कतार।

#### दो पर्सेंट का गणित

किसानों की माने तो कैश की किल्लत बताकर जिला सहकारी बैंक में 25 हजार रुपए का लिमिट निर्धारित कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में किसान यदि इससे ज्यादा राशि की मांग करता है तो अतिरिक्त खर्च देने की बाध्यता होती है। बताया जाता है कि यहां सक्रिय बिचौलियों के माध्यम से इस तरह की व्यवस्था बनाई गई है। जिसमें 50 हजार रुपए आहरण करने पर गिनती में 1 हजार रुपए कम कर दिया जाता है। सूत्र बताते है कि सीधे सीधे एक से दो पर्सेंट का गणित लगाकर मनचाहा रकम निकलवाने का अघोषित काम होने लगा है। किसानों ने इसकी मौखिक शिकायत भी बैंक प्रबंधक के अधिकारी और नवनियुक्त पदाधिकारियों से की है।

#### ली जाएगी जानकारी

जिला सहकारी बैंक में अगर किसानों को राशि भुगतान में किसी तरह की समस्या आ रही है तो इस बात की जानकारी लेकर संबंधित ब्रांच मैनेजर को व्यवस्था दुरुस्त करने निर्देशित किया जाएगा

-अमित साहू,
नोडल अफसर
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक



## खबर संक्षेप

### नवपदस्थ नवागढ़ बीईओ एमडी दीवान का हुआ स्वागत



**जांजगीर-चांपा।** विकास खंड नवागढ़ के नवपदस्थ बीईओ एम डी दीवान का विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने स्वागत कर बी ई ओ नवागढ़ बनाए जाने पर साल,श्री फल,बुके,माला से स्वागत कर बधाई दिए। बधाई देने वालो में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसियेशन जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, शालेय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला, संयुक्त शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष विकास सिंह,सहायक शिक्षक संघ फेडरेशन प्रांताध्यक्ष रविंद राठौर, टीचर्स एसोसियेशन जिला सचिव डॉ बोधी राम साहू, लक्ष्मीकांत पांडेय,दिलीप भारती,धनंजय शुक्ला, ममता शुक्ला सहित पदाधिकारियों ने स्वागत किया ।

### विधायक के प्रयास से 163.09 लाख रुपए के विकास कार्यों क्रो मिली मंजूरी

**अकलतरा।** विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह के प्रयास से कृषि उपज मंडी समिति-अकलतरा



अंतर्गत आने वाले गांवों के विकास कार्यों के लिए 163.09 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इसमें विधानसभा क्षेत्र के ग्राम -बनाहील में 19.45 लाख रुपए के लागत राशि से सीसी रोड सह नालीनिर्माण,ग्राम-कल्याणपुर, कोटमीसुनार, परसाही(बाना), पकरिया(झूलन), अर्जुनी, रोगदा, कटनई, चंगोरी एवं करहीडीह में 17-17( सत्रह-सत्रह) लाख रुपए लागत राशि से प्रत्येक गावों के सर्व सुविधा युक्त सामुदायिक भवन निर्माण कार्य शामिल है। इस प्रकार कुल 163.09 लाख रुपए के विकास कार्यों क्रो स्वीकृति प्राप्त हुईं है। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि स्वीकृत कार्यों की ऑनलाइन निविदा विभाग द्वारा जारी की जा चुकी है, कुछ दिनों में अनुबंध पश्चात काम भी प्रारभ हो जायेगा। इन कार्यों के अलावा अन्य छोटे-छोटे कामों के लिए मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना,मनरेगा अभिसरण, पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण, अनुसूचित जाति प्राधिकरण, सी.एस.आर अन्य कई मदों से कार्य स्वीकृत कराए जा रहे हैं।

### पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे की पुण्य स्मृति में कवि सम्मेलन कल

**शिवरीनारायण।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हास्य कवि, प्रखर व्यंग्यकार एवं पद्मश्री सम्मानित डॉ. सुरेंद्र दुबे की पुण्य स्मृति में शनिवार 10 जनवरी को शिवरीनारायण के मेला ग्राउंड चौपाटी में भव्य अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन ईशिका लाइफ फाउंडेशन एवं शिवरीनारायण प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। प्रेस क्लब के सचिव संतोष अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन अपने चतुर्थ वर्ष में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि अपने जीवनकाल में डॉ. सुरेंद्र दुबे स्वयं प्रत्येक वर्ष 10 जनवरी को शिवरीनारायण में कवि सम्मेलन आयोजित किया करते थे। उनके निधन के बाद भी उसी साहित्यिक परंपरा को जीवित रखते हुए यह आयोजन निरंतर उनकी स्मृति में किया जा रहा है। इस भव्य कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप तोखन साहू केंद्रीय मंत्री भारत सरकार (शहरी विकास राज्य मंत्री) एवं छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। अखिल भारतीय स्तर के इस कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से आए ख्यातिप्राप्त कवि अपनी रचनाओं से श्रोताओं को हास्य, व्यंग्य, ओज, गीत और श्रृंगार रस से सराबोर करेंगे।

## निधन

### मनमोहन सिंह कंवर

**अकलतरा।** ग्राम कटघरी के प्रतिष्ठित नागरिक मनमोहन सिंह कंवर का आकस्मिक निधन 4



जनवरी को हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार ग्राम कटघरी के मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में परिजन एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे डीडी न्यूज़ के पत्रकार रूपेश सिंह कंवर के बड़े भाई थे।

### पांचों देवी यादव

**जांजगीर-चांपा।** नगरपालिका जांजगीर-नैला के वार्ड क्रमांक 23 निवासी प्रतिष्ठित महिला एवं पूर्व



पार्षद श्रीमती पांचों देवी यादव का निधन 6 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 जनवरी को रानीपार मुक्ति धाम जांजगीर में किया गया । वे डॉ शांतिलाल यादव की धर्म पत्नी एवं सब इंस्पेक्टर कुंदन यादव , चंदन यादव (छग पुलिस ) , गुंजन यादव ( स्वास्थ्य विभाग) एवं रंजन यादव (एयरफोर्स ) की माता थी।

### प्रताप चंद्र तिवारी

**बिलासपुर।** केरा (शिवरीनारायण) निवासी



प्रतापचन्द्र तिवारी (92 वर्ष) का गुरुवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार शुक्रवार को सुबह 10 बजे गृहग्राम - केरा में किया जाएगा। वे भारती पाण्डेय, चन्द्रशेखर तिवारी, रामगोपाल तिवारी, नरेन्द्र तिवारी, अश्वनी तिवारी के पिता थे।

कमरीद में 10 हजार तो अमरुवा में 7 हजार क्विंटल धान जाम

# समय पर धान का उठाव नहीं होने से केन्द्र प्रभारी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवरी-सारागांव

समर्थन मूल्य पर इन दिनों धान खरीदी पूरे शबाब पर है, लेकिन केन्द्र से उठाव नहीं होने के चलते खरीदी केन्द्र प्रभारी परेशान है। वर्तमान में कमरीद में 10 हजार तो अमरुवा में 7 हजार क्विंटल धान जाम है।

सेवा सहकारी समिति मर्यादित कमरीद पंजीयन क्रमांक 1109 अंतर्गत संचालित धान खरीदी केंद्र से समय पर धान का उठाव नहीं होने से केंद्र प्रभारी की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। जानकारी के अनुसार 5 जनवरी तक केंद्र में कुल 26,698.80 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसमें से 10,278.80 क्विंटल धान का उठाव अब तक नहीं हो पाया है। स्थिति यह है कि 5 जनवरी तक की अवधि के लिए धान उठाव का डीओ (डिलीवरी ऑर्डर) पहले ही कट चुका है, इसके बावजूद संबंधित एजेंसियों द्वारा धान का उठाव नहीं किया गया। धान का उठाव नहीं होने के कारण केंद्र में भंडारण के लिए बनाए गए चबूतरे पूरी तरह भर चुके हैं। मजबूरी में खुले में धान रखा जा रहा है, जिससे धान सूखने लगा है। वहीं खरीदी जारी रहने से नए धान को नीचे जमीन पर रखने की नौबत आ गई है, जिससे धान की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। इसी तरह सेवा सहकारी समिति कुम्हारीकला के उपकेंद्र धान खरीदी केंद्र अमरुवा में भी करीब 7 हजार क्विंटल धान जाम पड़ा हुआ है। केंद्र प्रभारी ने चिंता जताते हुए कहा कि यदि धान के सूखने या खराब होने से नुकसान होता है तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। समय पर उठाव नहीं होने से न केवल प्रभारी परेशान हैं, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।



केन्द्र में लगा धान का अंबार।

### समर्थन मूल्य पर जिले में अब तक 265226.44 मिट्रिक टन धान की हुई खरीदी

**सक्ती।** जिले में 15 नवंबर से हो रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के तहत अब तक जिले में 265226.44 मेट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। धान खरीदी 31 जनवरी तक होगी। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीढी का महाअभियान जारी है। जिसके तहत समर्थन मूल्य पर जिले में अब तक 265226.44 मेट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। जिले में पंजीकृत किसानों से धान खरीदी के लिए 126 उपार्जन केन्द्र बनाए गए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक धान खरीदी केन्द्र अकलसरा में 2181.04 मेट्रिक टन, अड़भार में 2254.56 मेट्रिक टन, ढीमानी में 774.32 मेट्रिक टन, बुंदेली में 1313.88 मेट्रिक टन, बंदोरा में 1160.16 मेट्रिक टन, अमलडीहा में 4018.36 मेट्रिक टन, असौंदा में 1197.08 मेट्रिक टन, नन्दौर खुर्द में 1836.88 मेट्रिक टन सहित अन्य धान उपार्जन केंद्रों में धान उपार्जन किया गया है।



घिवरा के मल्दा रोड में सड़क के बीचोबीच पलटा ट्रेलर।

## अनियंत्रित होकर पलटा ट्रेलर घंटों आवागमन रहा बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिर्रा

लोक निर्माण विभाग सक्ती संभाग बिलासपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत घिवरा के मल्दा रोड में रायपुर से लोहे का सरिया लेकर रायगढ़ जा रहे ट्रेलर ग्राम घिवरा में गढ्ढा को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रेलर के पलटने से आवागमन घंटों बाधित रहा। ड्राइवर को भी चोटें आई है। किसी तरह ड्राइवर का जान बाल बाल बच गया है।

बिर्रा, बिलासपुर और डभरा चंद्रपुर ,रायगढ़ दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लगी रही। खराब राज्य मार्ग बनाने में विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत घिवरा में यह घटना हुआ है। इस घटना में यहां पर कोई जन हानि नहीं हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गुरुवार 8 जनवरी को सुबह लगभग 10 बजे ग्राम घिवरा में राज्य मार्ग पर जानलेवा बने बड़े-बड़े गढ्ढा को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर ट्रेलर पलट गई। ट्रेलर के राज्य मार्ग में पलटने से आवागमन कई घंटों बाधित रहा। ड्राइवर को चोटें आई है किसी तरह ड्राइवर का जान बाल बाल बच गया है। बिर्रा , बिलासपुर और डभरा चंद्रपुर ,रायगढ़ दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लगी रही, लेकिन खराब इस राज्य मार्ग की सड़क को बनाने में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी रुचि नहीं ले रहे हैं। इस राज्य मार्ग में कई घटनाएं भी घट चुकी है कई लोगों का जान भी जा चुका है, उसके बावजूद भी लोक निर्माण विभाग सक्ती संभाग बिलासपुर के अधिकारी मरम्मत को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे है। घिवरा, मल्दा से लेकर डभरा चंद्रपुर तक इस राज्य मार्ग की हालत बहुत ज्यादा खराब है। इस राज्य मार्ग के खराबी के कारण वाहन चालकों और आने जाने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### सक्ती रेलवे स्टेशन में गोंडवाना एक्सप्रेस का मिला स्टॉपेज

**सक्ती।** क्षेत्र की जनता को नए साल में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े के अथक प्रयास से एक और बड़ी सौगात मिली है। जल्द ही रेलवे स्टेशन सक्ती में गोंडवाना एक्सप्रेस ट्रेन के स्टॉपेज का लाभ लोगों को मिलेगा। सांसद जांगड़े अपने लोकसभा क्षेत्र को लेकर हमेशा सक्रिय रहती है। जनता के बीच पहुंचकर उनकी बातों को गंभीरता से सुनना और जनता से जुड़े हर समस्याओं के निराकरण करने लगातार प्रयास करते रहती है। इसी कड़ी में जनता की मांग को देखते हुए सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की मेहनत से क्षेत्र की जनता को एक और बड़ी सौगात मिली है। सांसद कमलेश जांगड़े ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विन वैष्णव से मुलाकात कर रेल्वे स्टेशन सक्ती में गोंडवाना एक्सप्रेस के स्टॉपेज की मांग की थी जिस पर रेल्वे मंत्री ने आश्वासन देते हुए सक्ती रेल्वे स्टेशन में गोंडवाना एक्सप्रेस स्टॉपेज देने के लिए निर्देश दे दिया है। जल्द ही क्षेत्र की जनता को इसका लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

### केशरी बी एड कॉलेज खोखरा की छात्राओं का विश्वविद्यालय हॉकी टीम में चयन

**जांजगीर-चांपा।** शिक्षा के साथ-साथ खेल क्षेत्र में भी केशरी शिक्षण समिति खोखरा (जांजगीर) ने एक बार फिर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। इस शिक्षण संस्था की बीएड छात्राओं ने न केवल विश्वविद्यालय स्तर पर चयन प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया, बल्कि राउरकेला में आयोजित महत्वपूर्ण मुकाबले में अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से विश्वविद्यालय को विजय दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के संचालक डॉ. सुरेश यादव एवं प्राचार्य डॉ. रेखा तिवारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि"केशरी शिक्षण समिति का उद्देश्य केवल शिक्षक तैयार करना नहीं है, बल्कि ऐसे सक्षम और आत्मनिर्भर व्यक्तित्वों का निर्माण करना है जो हर क्षेत्र में नेतृत्व कर सकें। हमारी छात्राओं की यह सफलता इसी विचारधारा का प्रत्यक्ष प्रमाण है। राउरकेला पहुंचने के पश्चात आयोजित अंतर-विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय की टीम ने सरगुजा विश्वविद्यालय को कड़े मुकाबले में पराजित कर उल्लेखनीय जीत दर्ज की। इस ऐतिहासिक जीत में केशरी शिक्षण समिति (बीएड कॉलेज) खोखरा की छात्राओं का योगदान विशेष रूप से प्रशंसनीय रहा। केशरी बीएड कॉलेज खोखरा की मधुलिका राठिया बीएड द्वितीय वर्ष तथा सलीना टोप्पो बीएड प्रथम वर्ष इन दोनों छात्राओं ने यह सिद्ध कर दिया कि उचित अवसर, निरंतर अभ्यास और सकारात्मक मार्गदर्शन मिलने पर ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकती हैं। कोच राकेश गढ़ेवाल एवं सहायक कोच सोमदेव खरे ने निरंतर मार्गदर्शन दिया।

## रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अकलतरा

अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला एवं धीरेंद्र कुमार सिंह प्राथमिक शाला, अकलतरा में दो दिवसीय शालेय वार्षिकोत्सव नवरंग का आयोजन ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के सचिव ईश्वर खंडेलिया ने की। ट्रस्ट के सहसचिव पंकज दोशी, कोषाध्यक्ष स्वप्निल जैन,

**खास बात**

- अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट की शालाओं में दो दिवसीय शालेय वार्षिकोत्सव संपन्न

ट्रस्ट सदस्य राजकुमार गुप्ता, अविनाश लाटा एवं शाला के पूर्व प्राचार्य आर.सी. मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शाला के प्राचार्य आर.के. विश्वकर्मा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।मुख्य अतिथि अशोक अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं सतत अभ्यास के महत्व को समझाते हुए कहा कि शालेय वार्षिकोत्सव जैसे मंच विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण चरण होते हैं, जहां आत्मविश्वास, नेतृत्व और रचनात्मकता का विकास होता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में ट्रस्ट सचिव ईश्वर खंडेलिया ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा किरण निर्मलकर, जिनका चयन दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव 2026 के अंतर्गत यंग लीडर डायलॉग हेतु हुआ है, को ट्रस्ट की ओर से 11 हजार की नगद पुरस्कार राशि प्रदान करने की घोषणा की, जिस पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों के साथ उत्साह व्यक्त किया। उद्घाटन सत्र के पश्चात विद्यालय के विज्ञान क्लब द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ भी अतिथियों द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों का अतिथियों ने अवलोकन कर उनकी सराहना की। दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने विविध रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं नशा मुक्ति जैसे सामाजिक विषयों पर प्रहसन प्रस्तुत किए गए। साथ ही भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हुए पंथी, करमा, राउत नाचा, असमिया, ओडिसी, कश्मीरी एवं पंजाबी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं।इसके अतिरिक्त ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुति एवं कृष्ण-राधा के प्रेम का सजीव मंचन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मूल्यांकन श्रवण दास वैष्णव, विपिन पांडे एवं मुरारी ताम्रकार द्वारा निर्णायक के रूप में किया गया।कार्यक्रम का संचालन आर.के. पांडे एवं श्रीमती वर्षा यादव ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों ने वालंटियर के रूप में सक्रिय सहभागिता निभाकर कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाया।इस अवसर पर योगाचार्य रामेंद्र सिंह चौहान, बजरंग अग्रवाल, शैलेश जैन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं नगर वासी उपस्थित रहे।




सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं।

### रक्तदान शिविर एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 12 को


**जांजगीर-चांपा।** नगर पंचायत खरौद के तिवारीपारा में स्थित मिडिल स्कूल में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में 12 जनवरी को युवा दिवस के अवसर पर सुबह 9:30 बजे से 'रक्तदान शिविर' आयोजित होगा, जो शाम 5 बजे तक चलेगा। रक्तदान शिविर में शिवरीनारायण के संकट मोचन ब्लड बैंक द्वारा सहभागिता निभाई जाएगी। रक्तदान शिविर शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि कलेक्टर जन्मेजय महोबे होंगे और अति विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस नेता रवि परसराम भारद्वाज, डीएफओ हिमांशु डोंगरे, एडिशनल एसपी उमेश कश्यप मौजूद रहेंगे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पामगढ़ एसडीएम देवेंद्र चौधरी, जिला अग्निशमन अधिकारी योग्यता साहू, पामगढ़ तहसीलदार महेंद्र लहरे, खरौद नपं अध्यक्ष गोविंद यादव, शिवरीनारायण भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला, पामगढ़ मण्डल अध्यक्ष यशवंत साहू, नवागढ़ मण्डल अध्यक्ष समर्थ सिंह मौजूद रहेंगे। दूसरी ओर दोपहर 1:30 बजे से वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में 'प्रतिभा सम्मान समारोह' आयोजित होगा, जहां पांचवीं और आठवीं के प्रतिभावान 12 छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। प्रतिभा सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश होंगी। अध्यक्षता लक्ष्मणेश्वर कॉलेज खरौद के प्राचार्य डॉ. जीसी भारद्वाज करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी, एडिशनल एसपी ट्रैफिक उदयन बेहार मौजूद रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में खरौद नपं के अध्यक्ष गोविंद यादव, शिवरीनारायण नपं के अध्यक्ष राहुल थवाईत, माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य चंद्रकांत तिवारी, डीईओ अशोक सिन्हा, सॉफ्टबॉल की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी शालू डहरिया ( पामगढ़ ), खरौद नपं के उपाध्यक्ष महेश्वर यादव, पामगढ़ बीईओ रामेंद्र जोशी, पार्षद नेहरू राही, डॉ. हरेकृष्ण साहू, स्कूल जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष उग्रसेन साहू, शासकीय उमावि खरौद के प्राचार्य आरके गोस्वामी मौजूद रहेंगे। वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू स्मृति आयोजन समिति के संयोजक राजकुमार साहू ने लोगों से रक्तदान शिविर और प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होने की अपील की है।


### मकर संक्रांति मेला एवं महा आरती 14 से

**बिर्रा।** ग्राम बसंतपुर में मकर संक्रांति के अवसर पर माघ मेला एवं भव्य चित्रोतपला गंगा महा आरती कार्यक्रम का आयोजन बुधवार 14 जनवरी को होगा। आचार्य पंडित कन्हैयालाल दुबे ने बताया कि 14 जनवरी से मकर संक्रांति मेला का आयोजन रखा गया है। इसके साथ ही 15 जनवरी को शाम 6 बजे से गंगा महा आरती कार्यक्रम होगा।




TOP IN JANJGIR


















# 51 साल की उम्र में ऋतिक ने कराया हॉट फोटोशूट

**मुंबई।** बॉलीवुड के 'ग्रीक गॉड' के रूप में अपनी जगह पक्की कर चुके ऋतिक रोशन ने बुधवार को सोशल मीडिया पर अपना लेटेस्ट फोटोशूट शेयर कर सभी को हैरान कर दिया है। 51 साल की उम्र में भी उनकी फिटनेस बरकरार है। ऋतिक हर बार अपने लुक से फैंस को हैरान कर देते हैं। ऋतिक ने अपना लेटेस्ट फोटोशूट शेयर किया जिस पर उनकी रूमर्ड गर्लफ्रेंड सबा आजाद भी अपना रिएक्शन दिए बगैर रह नहीं पाईं। 2026 की शुरुआत में ऋतिक का यह दमदार फोटोशूट फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। इस फोटोशूट में ऋतिक आत्मविश्वास के साथ अपने 8 पैक एब्स फ्लॉन्ट करते नजर आ रहे हैं।



## लाइफ Style

# तापसी

## दर्शकों से जुड़ने वाली फिल्में करना है पसंद


अभिनेत्री तापसी पन्नू का मानना है कि वो कोई ऐसी फिल्म नहीं करती हैं, जो सिर्फ उनके बैंक का बैलेंस बढ़ाए। एक्ट्रेस ने बताया फिल्म चुनने से पहले किस बात पर ध्यान देती हैं । अभिनेत्री तापसी पन्नू अभिनय के अलावा अपने बेबाक बयानों को लेकर भी पहचानी जाती हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पन्नू अक्सर हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखती रहती हैं। अब तापसी पन्नू ने अपने करियर को लेकर बात की और बताया कि कैसे कई फ्लॉप के बाद उन्हें अपने कॅरियर की राह मिली। साथ ही एक्ट्रेस ने ये भी बताया कि कोई फिल्म चुनते वक्त उनके लिए क्या बात सबसे मायने रखती है। एक बातचीत के दौरान तापसी पन्नू ने लगातार फ्लॉप फिल्मों और दिल टूटने के बाद अपनी असली पहचान की खोज के बारे में खुलकर बात की। तापसी ने कहा कि मुझे अपनी असली पहचान पाने के लिए लगातार कई फ्लॉप फिल्मों और दिल तोड़ने वाले अनुभवों से गुजरना पड़ा।


मुझे एहसास हुआ कि मैं उन फिल्मों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करती हूं, जिनमें मेरा दिल और दिमाग पूरी तरह से उस चीज से जुड़ा होता है जिसे मैं पेश कर रही हूं। उस प्रोजेक्ट का दर्शकों के साथ गहरा जुड़ाव होता है। इसलिए अब मैं सिर्फ अपनी अंतरात्मा की सुनती हूं। मैं शायद उन प्रोजेक्ट्स को नहीं चुनती जो मेरे बैंक खाते को बढ़ाएं, बल्कि उन प्रोजेक्ट्स को चुनती हूं जो मेरी आर्टिस्टिक क्षमता को निखारें। एक ऐसा नया रास्ता बनाएं जिस पर ज्यादा लोग नहीं चलते।

## हॉलीवुड मसाला



# एवेंजर्स डूम्सडे का टीजर जारी

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियोज ने 'एवेंजर्स डूम्सडे' का एक नया एक मिनट का टीजर जारी किया है। इसमें चार्ल्स जेवियर (पैट्रिक स्टीवर्ट) और उनके पुराने दुश्मन मैग्नेटो (इयान मैकेलेन) शतरंज खेलते हुए फिर से मिलते दिखाई देते हैं। मैग्नेटो अपनी गहरी आवाज में कहते हैं, 'मौत सबके लिए आती है। यह एक ऐसी चीज है जो मुझे पक्के तौर पर पता है। सवाल यह नहीं है कि 'क्या आप मरने के लिए तैयार हैं?' सवाल यह है कि 'जब आप आंखें बंद करेंगे, तो आप कौन होंगे?' इसके बाद जेम्स मार्सडेन का साइक्लोप्स अपना विजर हटाते हुए दिखता है।



# स्लो सिनेमा स्टाइल के बड़े नाम थे बेला टार

**लॉस एंजिल्स।** हंगेरियन के प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक बेला टार का मंगलवार को 70 साल की उम्र में निधन हो गया। वे अपनी गहरी और डरावनी फिल्मों जैसे 'डैम्नेशन' और 'सैटनटैंगो' के लिए जाने जाते थे। उन्हें 'स्लो सिनेमा' आंदोलन का संस्थापक माना जाता है। बेला टार स्लो सिनेमा स्टाइल के बड़े नाम थे। इस स्टाइल में काले-सफेद दृश्य, लंबे-लंबे शॉट्स, कम बोलचाल, कोई पारंपरिक कहानी नहीं और पूर्वी यूरोप की रोजमर्रा की जिंदगी को उदास तरीके से दिखाया जाता है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण उनकी 1994 की फिल्म 'सैटनटैंगो' है, जो सात घंटे लंबी है। बेला टार का जन्म 21 जुलाई 1955 को हंगेरियन के पेक्स शहर में हुआ था। बचपन में उन्होंने टीवी पर छोटी भूमिकाएं कीं। 16 साल की उम्र से वे फिल्म बनाने लगे।



# दो दशक बाद भी काम न मिलने पर रोती हैं

**मुंबई।** लगभग दो दशक से भी पहले बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाली अभिनेत्री नेहा धूपिया ने अपने करियर में अलग-अलग तरह की फिल्में की हैं। इस दौरान उन्होंने लीड एक्ट्रेस से लेकर सपोर्टिंग एक्ट्रेस तक के किरदार निभाए हैं। बेशक वो अभी भी फिल्मों में सक्रिय हैं, लेकिन एक्ट्रेस का मानना है कि काम न मिलने पर खाली बैठना काफी कष्टदायी होता है। सिर्फ प्रोफेशनल तौर पर ही नहीं, बल्कि इमोशनल रूप में भी ये काफी मुश्किल होता है। एक बातचीत के दौरान नेहा धूपिया ने करियर में काम न मिलने पर बात की और अपनी चिंता जाहिर की। एक्ट्रेस ने कहा कि जब मैं काम नहीं कर रही होती हूं तो मुझे चिंता होती है। मेरे पास इससे निपटने के अपने तरीके हैं। इंडस्ट्री में 20 साल बिताने के बाद भी, जब काम बंद होता है, तो मैं तकिए में सिर रखकर रोती हूं।



# अर्जुन ने गोवा गैंग के साथ देखी धुरंधर

**मुंबई।** अभिनेता अर्जुन रामपाल ने आदित्य धर की हालिया रिलीज फिल्म 'धुरंधर' में मेजर इकबाल के किरदार से काफी धूम मचाई। वहीं, हाल ही में अर्जुन ने अपने गोवा के दोस्तों संग फिल्म 'धुरंधर' देखी, जिसकी खास झलक उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। अर्जुन रामपाल ने अपने दोस्तों के साथ मस्ती भरी पार्ची की कुछ झलकियां इंस्टाग्राम पर साझा कीं। इनमें सिनेमा हॉल में सभी को ग्रुप सेल्फी लेते हुए देखा जा सकता है। साथ ही डिनर के समय की भी एक तस्वीर है। यहां तक कि मिठाई और पेस्ट्री की थाली पर भी चॉकलेट से 'धुरंधर' लिखा हुआ दिखाई दे रहा है। अर्जुन रामपाल ने लिखा, 'अपने दोस्तों (गोवा के गैंगस्टर्स) के साथ 'धुरंधर' फिल्म देखने गया था। बहुत मजा आया। इसके बाद डिनर के लिए खूबसूरत टेर्टुलिया रेस्टोरेंट गए।

## टीवी मसाला



# नयनतारा में घोरकामिनी बनकर आईं सुधा चंद्रन

**नई दिल्ली।** टीवी की दिग्गज एक्ट्रेस सुधा चंद्रन चर्चा में हैं। पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के कारण। बीते दिनों उन्होंने अपने घर पर माता की चौकी रखी थी, जिसमें वो अजीब हरकतें करने लगी थीं। कहा गया कि उनके ऊपर माता जी आ गई थीं। दूसरी तरफ उन्होंने फेमस 'नयनतारा' सीरियल में 'घोरकामिनी' बनकर एंट्री की है। साथ ही ये भी बताया है कि क्या वो 'नागिन 7' का हिस्सा होंगी। सुधा चंद्रन ने कहा कि अभी तक 'नागिन 7' के मेकर्स की तरफ से उन्हें कोई ऑफर नहीं मिला है। इसलिए वो एकता कपूर के इस शो का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने ये भी बताया कि सारे सीजन में उनकी फेवरेट नागिन मौनी रॉय हैं। उनका चाल-ढाल और आंखें... वो पूरी तरह से नागिन में ढल जाती हैं। इसके अलावा सुधा की 'नयनतारा' सीरियल में एंट्री हुई है। इसमें श्रुति बिष्ट और अर्जुन चक्रवर्ती लीड रोल में हैं। सुधा कहानी में बड़ा ट्विस्ट लेकर आई हैं। सुधा ने 'घोरकामिनी' बनकर शो में एंट्री की है। उन्होंने कहा, 'घोरकामिनी खुद को बुराई की कैटेगरी में नहीं रखती है। उसका मानना है कि दुनिया को फिर से बनाने के लिए उसका टूटना जरूरी है। वो कहती हैं, 'कहानी के अहम मोड़ पर नयनतारा से जुड़ने को लेकर बहुत एक्साइटेड हूं।' कुछ दिनों पहले सुधा का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वो अजीब हरकतें कर रही थीं। उन्होंने घर पर माता की चौकी रखी थी, जिस दौरान उनके ऊपर माता आ गई थीं।

## शार्क टैंक इंडिया 5: अनुपम-अमन में नोक-झोंक

**नई दिल्ली।** 'शार्क टैंक इंडिया 5' के लेटेस्ट एपिसोड में मुंबई का एक कपल अपने ब्रांड के लिए आया, तो उसे ऑफर देने के चक्कर में अनुपम मित्तल और अमन गुप्ता आपस में लड़ बैठे। दोनों ने एक-दूसरे को ताने मारे, खूब तंज कसे। तब नमिता थापर ने उनका बीच-बचाव किया।



'शार्क टैंक इंडिया' के अब तक हर सीजन में अमन गुप्ता और अनुपम मित्तल के बीच खट्टी-मीठी नोंकझोंक देखने को मिली। अब हाल ही जब पांचवा सीजन शुरू हुआ, तो एक बार फिर कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिल रहा है। 'शार्क टैंक इंडिया' के लेटेस्ट एपिसोड में मुंबई का एक कपल अपने ब्रांड के लिए पहुंचा, पर उसके साथ डील साइन करने के चक्कर में अमन गुप्ता और अनुपम मित्तल आपस में भिड़ गए। दोनों ने एक-दूसरे की नौकरी और बंद हुईं कंपनियों पर ताना मारना शुरू कर दिया। यह देख नमिता थापर ने उनका बीचबचाव किया। मुंबई के रहने वाले पति-पत्नी वरुण दुग्गीराला और पूजा जौहर अपने ब्रांड के लिए 'शार्क टैंक इंडिया' में पहुंचे।

# कैटरीना -विक्की ने दिखाई बेटे की पहली झलक, किया नामकरण

**मुंबई।** विक्की कौशल और कटरीना कैफ ने 07 नवंबर को पहली संतान के रूप में बेटे का स्वागत किया। अब उन्होंने अपने बेबी बॉय की पहली झलक फैंस को दिखाई है। बी-टाउन की इस खूबसूरत जोड़ी ने अपने बेबी बॉय का नामकरण किया है। कटरीना कैफ और विक्की कौशल ने अपने बेटे का नाम विहान कौशल रखा है। इसका अर्थ होता है 'रोशनी की किरण'। कटरीना और विक्की ने एक साझा इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए फैंस के साथ बेटे की पहली झलक साझा करते हुए, नाम का खुलासा किया है। हालांकि, उन्होंने तस्वीर में बेटे का चेहरा नहीं दिखाया है। कटरीना कैफ और विक्की कौशल कौशल ने एक फोटो शेयर किया है। इसमें दोनों बेटे विहान के नन्हे हाथ को थाने नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'हमारी उम्मीद की किरण, विहान कौशल'। आगे लिखा है, 'दुआएं कुबूल हुईं। जिंदगी खूबसूरत है। हमारी दुनिया पल भर में बदल गई, इसे बयां करने के लिए शब्द नहीं है। हम सिर्फ शुक्रगुजार हैं'। कटरीना कैफ और विक्की कौशल के इस पोस्ट पर फैंस जमकर बधाई दे रहे हैं। साथ ही सेलेब्स ने भी शुभकामनाएं दी हैं।



परिणीति चोपड़ा ने लिखा है, 'लिटिल बडी'। श्रेया घोषाल ने लिखा है, 'बधाई हो विक्की और कटरीना कैफ'। इसके अलावा शिबानी दांडेकर ने भी रेड हार्ट इमोजी बनाए हैं। इनके अलावा दीया मिर्जा और भूमि पेडनेकर ने भी रिएक्शन दिए हैं। बीता वर्ष विक्की कौशल के लिए काफी खास रहा। पर्सनल और प्रोफेशनल दोनों तरह से उनकी जिंदगी में खुशियां आईं। एक तरफ फरवरी में रिलीज हुई फिल्म 'छावा' ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की। वहीं, दूसरी तरफ पर्सनल लाइफ में बेटे के जन्म से उनके परिवार में विस्तार हुआ। विक्की कौशल और कटरीना ने साल 2021 में शादी रचाई थी।

# स्कूल में बिपाशा को सब बुलाते थे 'लेडी गुंडा' पहली ही फिल्म में बना लिया था बॉलीवुड में दबदबा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई आउटसाइडर्स ऐसे आए, जिन्होंने फिल्मी दुनिया में कदम रखते ही अपनी एक्टिंग और खूबसूरती के दम फैंस को दीवाना बना दिया। 2000 के दशक में एक ऐसी ही खूबसूरत बला ने बॉलीवुड की दुनिया में कदम रखा था, जिन्होंने आते ही बॉक्स ऑफिस पर ही नहीं, बल्कि फैंस के दिलों पर भी कब्जा कर कर लिया था।पहली ही फिल्म के लिए बेस्ट डेब्यू का अवॉर्ड जीतने वाली इस खूबसूरत हसीना ने कभी नहीं सोचा था कि वह एक दिन टॉप एक्ट्रेसेस की लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवाएंगी।



***पर्सनैलिटी की वजह से 'लेडी गुंडी' कहलाती थीं :*** हम जिस खूबसूरत बंगाली ब्यूटी की बात कर रहे हैं, वह कोई और नहीं, बल्कि सबके दिलों पर राज करने वाली बिपाशा बसु हैं। 'राज' एक्ट्रेस का जन्म 7 जनवरी 1979 में दिल्ली में हुआ था, लेकिन वह कोलकाता में पली बढ़ी। 47 साल की बिपाशा बसु ने एक थ्रो-बैक इंटरव्यू में खुद ये खुलासा किया था कि जब वह स्कूल में थी, तो लोग उन्हें 'लेडी गुंडा' बुलाया करते थे। दरअसल, जब बिपाशा से ये पूछा गया था कि स्कूल में वह उन पर लाइन मारने वाले लड़कों को कैसे हैंडल करती थीं, तो एक्ट्रेस ने कहा था, 'मुझे कभी उन्हें हैंडल करने की जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि मैं अपने स्कूल में सबसे बिगडैल लड़की के रूप में मशहूर थी, जो सबको मारती थी, इस कारण वह मुझसे सावधान रहते थे। स्कूल के समय में मैं 'लेडी गुंडा' थी।'

***नेगेटिव भूमिका से रखा था कदम :*** शुरुआती दौर में कई फिल्मों को न करने के बाद बिपाश बसु ने फाइनली अब्बास-मस्तान की मल्टी स्टारर फिल्म 'अजबनी' से बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में उनके साथ बॉबी देओल-अक्षय कुमार और बिपाशा बसु भी नजर आए। फिल्म को भले ही मिक्स रिव्यू मिले हो, लेकिन बिपाशा बसु को उनके रोल के लिए काफी सराहना मिली। इसके बाद बिपाशा बसु ने राज, आंखें, मेरे यार की शादी है, चोर मचाए शोर, गुनाह, जिस्म, फुटपाथ, जमीन, नो एंट्री, फिर हेरा फेरी और धूम 2 जैसी फिल्मों में काम किया। उनकी लास्ट फिल्म 2015 में अलोन आई थी और 2018 में उन्होंने वेलकम टू न्यूयॉर्क में एक छोटा सा रोल किया था।

## बनना चाहती थीं डॉक्टर

बिपाशा बसु ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में ये भी बताया था कि उनका एक्टिंग फील्ड से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं था। अपने 12वीं की परीक्षा पूरी होने के बाद वह मेडिसिन करना चाहती थीं, जिसके लिए उन्होंने कॉमर्स भी ली थी। डॉक्टर बनने की चाहत रखने वाली बिपाशा का इंटरेस्ट वहां से शिफ्ट होकर एक्टिंग की तरफ तब आया, जब वह साल 1996 में कोलकाता के एक होटल में अर्जुन रामपाल की पहली पत्नी मेहर जेसिया से मिली, जो उस समय की बड़ी मॉडल थीं। उसी साल उन्होंने 'गोदरेज सिंथोल सुपरमॉडल' का खिताब भी जीता। बस इसके बाद बिपाशा ने कभी पीछे पलटकर नहीं देखा और वह अपने करियर में आगे बढ़ती गईं। उन्होंने मियामी में 'फोर्ड मॉडल्स सुपरमॉडल ऑफ द वर्ल्ड' में भारत को रिप्रेजेंट किया।

## गफूर घिसेला, बाबू चिपके ... फिर कभी नहीं आए नजर

# तारक मेहता का उल्टा चश्मा के किरदार, जो चंद सीन्स में ही लूट ले गए मजमा

***नई दिल्ली।** यहां 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के उन 6 किरदारों के बारे में बता रहे हैं, जो चंद सीन्स या कुछेक एपिसोड्स में नजर आए, पर दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ गए। इन किरदारों को जिन्होंने निभाया, उनमें कोई ड्रेसमैन तो कोई मेकअप मैन भी रहा। एक एक्टर ने तो शो में 20 से अधिक किरदार निभाए हैं। जब भी 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के किरदारों की बात होती है तो सभी के जेहन में जेठालाल, दयाबेन, बापूजी, तप्पू सेना, पोपटलाल, मिस्टर भिड़े और बबीता जी के ही नाम आते हैं। पर कुछ किरदार ऐसे भी रहे हैं, जो शो में चंद सीन्स या कुछ एपिसोड्स में ही नजर आए, पर दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ गए। चाहे वह गफूर घिसेला का किरदार हो, सखाराम पेंटर का या फिर बाबू चिपके और इंस्पेक्टर चालू पांडे। ये किरदार सिर्फ कुछ ही देर के लिए स्क्रीन पर दिखे, पर हमेशा के लिए दिलों में बस गए। इन किरदारों को जिन एक्टर्स ने निभाया है, पता है वो कौन हैं? उनमें से एक ने जहां 'तारक मेहता' में 10 तो वहीं दूसरे ने 20 से अधिक किरदार निभाए।*

### गफूर घिसेला- नीलेश दिवेकर

गफूर घिसेला का किरदार 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के सिर्फ दो ही एपिसोड्स में नजर आया था, पर जबरदस्त गदर मचाया था। इसे एक्टर नीलेश दिवेकर ने निभाया था। शो में उनके वन लाइनर्स मशहूर हो गए थे। जैसे कि- बिना फोटो के फ्रेम, बिना रस के गुल्ले और बिना टेरेस की बिल्डिंग। नीलेश दिवेकर फिल्म'3 इडियट्स' में नजर आए एक्टर ओमी वैद्य के कजन हैं, जिन्होंने उस फिल्म में साइलेंसर का रोल प्ले किया था।

### ड्रेसमैन और मेकअप डिपार्टमेंट वाले ने निभाया मगन का रोल

मगन का किरदार मिलिंद ने निभाया था। शो में वह जेठालाल की गाडा इलेक्ट्रॉनिक्स में काम करता है। दरअसल, मिलिंद 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के ड्रेसमैन हैं। वह शो के मेकअप डिपार्टमेंट को भी संभालते हैं। मगन के सिर्फ कुछ ही सीन्स थे, फिर भी यह किरदार दर्शकों के दिलों पर छा गया था।



### मटका किंग मोहनलाल रहा हिट, पर शो से हटा दिया गया

'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का एक और एक किरदार जो बहुत पॉपुलर हुआ, वह था मटका किंग मोहनलाल। इसे एक्टर अनिल यादव ने निभाया था। यह किरदार अपनी अनोखी हरकतों और डायलॉग के लिए चर्चा में रहा था। फैंस ने मटका किंग के किरदार को खूब प्यार दिया, पर इसे फिर भी शो से हटा दिया गया था, जिससे दर्शक भी नाराज हो गए थे। दरअसल, मटका किंग जुआरी था और वह जब-जब गोकुलधाम सोसाइटी में आता था तो सबके लिए परेशानियां खड़ा कर देता था।

### सखाराम पेंटवाला, इस एक्टर ने निभाया था रोल

सखाराम पेंटवाला के किरदार को कैसे भूल सकते हैं? आखिरकार सखाराम को ही तो पूरी गोकुलधाम सोसाइटी में पेंट करने का काम दिया जाता है। इस किरदार को अरुण कदम ने निभाया था, जो एक मराठी एक्टर हैं। उन्होंने 'तारक मेहता' में 10 किरदार निभाए थे और हर किरदार में तारीफें बटोरीं।

### बाबू चिपके बने थे नीलेश भट्ट निभाए 20 से अधिक किरदार

तारक मेहता का उल्टा चश्मा में बाबू चिपके का किरदार भी खूब पसंद किया गया था। इसने दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया था। इस किरदार को एक्टर नीलेश भट्ट ने निभाया था। नीलेश कितने टैलेंटेड हैं, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने 'तारक मेहता' में 20 से अधिक किरदार निभाए हैं। कभी वह सुंदर के दोस्त तो कभी हरियाली होटल के मैनेजर तो कभी शराबी ड्राइवर के किरदार में दिखे। नीलेश भट्ट गुजराती एक्टर हैं और उन्होंने 'ऑल इज वेल' और 'ओह माय गॉड' जैसी हिंदी फिल्में भी की हैं।

### घंसू घायल- नितिन ने निभाया रोल, शो की कहानी भी लिखी

'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में यह किरदार कुछ ही एपिसोड में नजर आया था, पर छा गया था। इसे नितिन केसवानी ने निभाया था। नितिन केसवानी एक्टर ही नहीं, स्क्रीनराइटर भी हैं। उन्होंने 'तारक मेहता...' के कुछ एपिसोड्स की कहानी भी लिखी है। एक बार उन्होंने इस शो के लिए बेस्ट स्टोरी का अवॉर्ड भी जीता था।

## खबर संक्षेप

### नेशनल मलखंभ प्रतियोगिता में यशपाल ने प्राप्त किया रजत पदक




**पामगढ़।** खेलो इंडिया यूथ बीच गेम नेशनल मलखंभ प्रतियोगिता 2026 का आयोजन दमन एवं दीव में हुआ। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम से खेलते हुए विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ के कक्षा 9 वीं के होनहार विद्यार्थी यशपाल बरेठ पिता संजय बरेठ ने रजत पदक प्राप्त किया है। यशपाल के रजक पद प्राप्त करने पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय संचालक नरेंद्र कुमार पाण्डेय, प्राचार्य अशोक कुमार मिरे, उप प्राचार्य अर्जुन लाल यादव, विभाग प्रमुख आखिल शुक्ला ,पुष्कर दिनकर एवं पूरे विद्यालय परिवार द्वारा उनको उनके आने वाले भविष्य हेतु शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कमाना की गई ।

### देवरी में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन आज से

**देवरी-सारागांव।** ग्राम पंचायत देवरी के भाटापारा मोहल्ला में हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी कबड्डी प्रतियोगिता एवं मड़ाई मेला का आयोजन किया गया है। 9 जनवरी से दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित होगा। कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 10 जनवरी को खेला जाएगा, जिसमें कबड्डी के विजेता एवं उपविजेता टीमों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। वहीं 10 जनवरी को मड़ाई मेला आयोजित होगा, जहां व्यापारियों ने अपनी जगह सुरक्षित कर लिए हैं। बड़ी संख्या में ग्रामीणों के शामिल होने की संभावना है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के लोगों ने पूरी लगन से जुटे हुए हैं। कार्यक्रम से ग्रामीण क्षेत्र में खेलकूद एवं सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा मिल रहा है।

### पेंड्री में साहू समाज ने मनाई गई माता राजिम की जयंती



**हसौद।** साहू समाज भवन पेंड्री में भगवान राजीव लोचन की अनन्य भक्त संत माता राजिम जी की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम माता राजिम के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण करके ,दीप प्रज्वलन किया गया। फिर समस्त स्वजातीय भाइयों के द्वारा राजिम माता की आरती गाकर,सामूहिक रूप से पूजन की गई। इस अवसर पर साहू समाज हसौद परिक्षेत्र के केंद्राध्यक्ष नेतराम साहू, ग्राम साहू समाज के वर्तमान एवं पूर्व ग्रामअध्यक्ष, अंतराम साहू, कन्हैया लाल साहू, उपाध्यक्ष विजय साहू, जगदीश साहू,संगठन सचिवों प्यारे लाल साहु, कलाराम साहू के साथ साथ नारायण साहू, काशी राम साहू, बेदू राम साहू,सतनारायण साहू, पदमन साहू, छेद राम साहू, कुशवा साहू,राजू साहू, साहेबलाल साहू, ओमप्रकाश साहू,लाल जी साहू, महादेव साहू,मोती लाल साहु,रामगुलाल साहू एवं साहू समाज के अन्य स्वजातीय लोग उपस्थित थे ।

### करनौद में नागलीला उत्सव व एक दिवसीय मेला कल

**तालदेवरी।** ग्राम पंचायत करनौद में शनिवार 10 जनवरी को भव्य नागलील उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर एक दिवसीय मेले का भी आयोजन होगा, जिसमें ग्रामीण संस्कृति और परंपराओं की झलक देखने को मिलेगी। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षणों में लेजर शो, भव्य आतिशबाजी एवं गंगा आरती शामिल है। कार्यक्रम शाम 7 बजे से प्रारंभ होगा। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए संस्कृति लोक कला मंच रायपुर की विशेष उपस्थिति रहेगी, जो अपनी मनमोहक लोक कला प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करेगी। आयोजन को लेकर करनौद सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

राज्य निर्माण के रजत जयंती पर पुलिस विभाग लगातार चल रहा जनजागरूकता अभियान

# जीवन में लक्ष्य तय करके बढ़ सकते हैं आगे : योगिता बाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के निर्देशन में जांजगीर-चांपा पुलिस द्वारा महिला जन जागरूकता अभियान एवं सड़क सुरक्षा यातायात व्यवस्था को लेकर कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय विद्या निकेतन मॉडल कान्वेंट एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिले की सीएसपी सुश्री योगिता बाली खापर्डे ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग में लड़कों को पराठा एवं लड़कियों को कराटा जरूर आना चाहिए। स्कूली शिक्षा ही भविष्य बनाने का समय होता है हमें लोगों के बहकावे में आने से बचना चाहिए। अज्ञानता के चलते आज बच्चे नाबालिक उम्र में घर छोड़कर भाग रहे हैं जो चिंता का विषय है। मोबाइल के कारण सोशल मीडिया, फेसबुक, व्हाट्सएप इंस्टाग्राम के माध्यम से जान पहचान बढ़ने से अपराध बढ़ रहे हैं। मोबाइल में बहुत सारी अच्छाई भी है जिसको ग्रहण कर हमें ज्ञान प्राप्त हो सकता है। हर जगह परिवार साथ नहीं रहता हमें अपने आप को मजबूत बनाना है




कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को जानकारी देती सीएसपी योगिता बाली खापर्डे।

स्कूल जीवन में माइंडसेट बहुत जरूरी है। हम लक्ष्य तय करके ही आगे बढ़ सकते हैं। नाबालिक लड़कियों को रास्ते में या घर परिवार के बीच घरेलू हिंसा का शिकार होना पड़ता है जिसके लिए वह अपने बड़ों को या पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकते हैं, जिसके लिए पुलिस ने हेल्पलाइन नम्बर जारी किया हुआ है जिसकी हम सहायता ले सकते हैं। उन्होंने आगे कहा की साइबर अपराध छेड़छाड़ पीछा करने जैसी समस्याओं से निपटने के लिए साइबर शिकायत दर्ज कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसके पूर्व यातायात शाखा के जिला प्रभारी निरीक्षक लालन पटेल ने चलचित्र के माध्यम से बच्चों को यातायात संबंधी नियमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया की लापरवाही के कारण ही ट्रैफिक रूल का पालन नहीं होता है। हम स्टूडेंट होने के नाम पर अपनी जवाबदारी से नहीं बच सकते। बिना लाइसेंस या बिना हेलमेट के गाड़ी चलाना अपराध है। नाबालिक बच्चों को साइकिल का उपयोग करना चाहिए। सड़क पर चलने वाले हर व्यक्ति के लिए ट्रैफिक रूल का पालन करना अनिवार्य है। महिला सेल की प्रधान आरक्षक श्रीमती निशा पांडेय ने उपस्थित छात्राओं को गुड टच एवं बेड टच के बारे में जानकारी देते हुए सकारात्मक सोच रखने की बात कही। वही कराटे मास्टर श्रीमती रुक्मणी पांडेय ने महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कराटे को महत्वपूर्ण बताते हुए सेल्फ डिफेंस का जीवंत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन संस्था के संचालक नरेंद्र पांडेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर के प्रबुद्ध नगरीकरण लव कुमार तिवारी, दिनेश थवाईत, सुखसागर ओग्रे, अखिल शर्मा अर्जुन यादव ,छात्र छात्राओं, विद्यालय स्टाफ सहित पुलिस थाना पामगढ़ के टीम उपस्थित थी।



लेखा जोखा प्रस्तुत करते पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर।

## सालभर के भीतर 2 हजार 163 मामलों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

▪ पुलिस ने प्रस्तुत किया सालभर का लेखा-जोखा

सक्ती जिले में विभिन्न मामलों के कुल 2 हजार 447 अपराध सालभर के भीतर दर्ज किए गए। इनमें 2163 मामलों का निराकरण किया गया, वहीं अभी भी 274 मामले लंबित है।

विगत वर्ष 2025 में सक्ती जिले में कुल 2437 अपराध दर्ज हुआ था, जिसमें से 2 हजार 163 मामलों का निराकरण किया जा चुका है, वहीं अभी भी 274 अपराध लंबित है। इस प्रकार लंबित अपराध का प्रतिशत सिर्फ 11 प्रतिशत है। इसी प्रकार लगभग 6 प्रतिशत ही तैयार अभियोग पत्र लंबित रहा हैं। वर्ष 2023 की तुलना में हत्या के अपराध में कमी आयी हैं। नाबालिग बच्चों के अपहरण संबंधी अपराध की दर भी विगत वर्ष जैसे ही रही हैं। वर्ष 2024 में अपहरण संबंधी कुल 112 मामलें दर्ज हुए थे। वर्ष 2025 में 113 मामलें दर्ज हुए हैं। वर्ष 2024 में लूट के 6 मामले दर्ज थे। वर्ष 2025 में लूट का सिर्फ 2 मामला दर्ज है। इसी प्रकार चोरी, नकबजनी जैसेअपराधो में भी उल्लेखनीय कमी आयी हैं। वर्ष 2024 में चोरी नकबजनी के कुल 217 अपराध की तुलना में वर्ष 2025 में 150 अपराध ही घटित हुए हैं। इसी प्रकार छल एवं धोखाधड़ी के अपराध में भी उल्लेखनीय कमी आयी हैं। बच्चो से संबंधित पॉक्सो एक्ट के अपराध की दर में भी वर्ष 2024 (34 अपराध) की तुलना में वर्ष 2025 (25 अपराध) में कमी आयी है । प्रतिबंधात्मक कार्यवाही 107, 116 ( 3 ) द.प्र.सं./ 126 135 बीएनएसएस की कार्यवाही की संख्या में वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में बढ़ोतरी हुई हैं। इसी प्रकार अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर सख्त कार्यवाही करते हुए वर्ष 2024 की तुलना में अधिक अपराध दर्ज कर विवेचना पूर्णकर न्यायालय पेश किया गया है।

## स्त्री चेतना और जीवन के यथार्थ को प्रतिबिंबित करती है 'पिघलता आइना'

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हिंदी साहित्य जगत में इन दिनों चर्चित पुस्तक 'पिघलता आईना' ने पाठकों के बीच विशेष पहचान बना ली है। प्रसिद्ध लेखिका डॉ. ममता तिवारी 'मृदुला' द्वारा रचित यह पुस्तक अमेज़न पर न केवल अच्छी बिक्री कर रही है, बल्कि इसके पाठकीय रिव्यू भी अत्यंत सकारात्मक सामने आ रहे हैं।



जौहरी प्रशासन से प्रकाशित यह पुस्तक एक आलेख संग्रह है, जिसमें कहानियां और विचारोत्तेजक लेख दोनों सम्मिलित हैं। पिघलता आईना समकालीन समाज, मानवीय संवेदनाओं, स्त्री चेतना और जीवन के सूक्ष्म यथार्थ को गहराई से प्रतिबिंबित करती है। लेखिका की भाषा सहज, प्रवाहपूर्ण और भावनात्मक स्तर पर पाठक से सीधा संवाद स्थापित करती है। पुस्तक को लेकर साहित्यकारों, शिक्षाविदों और सामान्य पाठकों की विभिन्न प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। किसी ने इसे आत्ममंथन की पुस्तक कहा है तो किसी ने इसे समाज का सजीव दस्तावेज़। पाठकों का कहना है कि यह पुस्तक केवल पढ़ी नहीं जाती, बल्कि भीतर तक उतरकर सोचने को विवश करती है। लेखिका ममता तिवारी कहती है कि यह पुस्तक उन पाठकों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है, जो कहानी और आलेख—दोनों विधाओं में साहित्य का रस लेना चाहते हैं। साहित्यिक गुणवत्ता और विषय-वस्तु की गंभीरता के कारण पिघलता आईना आज साहित्य प्रेमियों की पसंद बनती जा रही है।


## नाली व सड़क निर्माण कार्य में नियमों की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

▪ समय रहते कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्राम पोंड़ी दलहा के कटघरी-चंगोरी मेन रोड से सराईगोहन शासकीय प्राथमिक स्कूल तक कराए जा रहे सड़क एवं नाली निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जा रही है।

लोक निर्माण विभाग द्वारा 12 सितंबर 2025 को मेसर्स संजय कुमार केडिया बाराद्वार को कार्य आदेश जारी किया था। इस कार्य आदेश के अंतर्गत ग्राम पोंड़ी दलहा में 1.63 किलोमीटर सड़क एवं नाली निर्माण के लिए 176.31 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। कार्य आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेख था कि यह निर्माण कार्य तीन माह के भीतर 11 दिसंबर 2025 तक पूर्ण किया जाना था, लेकिन न तो गुणवत्ता का पालन किया जा रहा है



ग्राम पोड़ी दल्हा में चल रहा निर्माण कार्य।

और न ही समयसीमा की कोई परवाह की जा रही है। तकनीकी मानकों की अनदेखी की जा रही है। कार्य आदेश के अनुसार नाली निर्माण में 8 एमएम सरिया का उपयोग अनिवार्य किया गया है, किंतु ठेकेदार द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए केवल 5 एमएम सरिया लगाया जा रहा है। इतना ही नहीं, जहां दो सरियों के बीच 8 इंच की दूरी निर्धारित है, वहां ठेकेदार द्वारा एक फीट से अधिक दूरी रखी जा रही है, जिससे नाली की मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सड़क निर्माण में भी नियमों की अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा बिना बेस डाले सीधे डामरीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया था। उन्होंने जब इसका कड़ा विरोध किया, तब जाकर मजबूरी में बेस डालने का काम शुरू कराया गया। ग्रामवासियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## बड़ेमुड़पार में दिव्यांगजन एवं किसान सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**मालखरौदा।** ग्राम पंचायत बड़ेमुड़पार में पहली बार 5 जनवरी को दिव्यांगजन एवं किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सीईओ वासु जैन शामिल हुए जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच दिलदार खूंटे द्वारा किया गया। इस अवसर पर 15 दिव्यांगों को साल एवं श्रीफल व ट्रायसिकल, बैटरी ट्राइस्कल, विलचेयर, वाकर, बैसाखी, छड़ी देकर सम्मान किया गया। इसके अलावा 50 से ज्यादा किसानो को श्रीफल और साल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र क्रमांक 21 के जनपद सदस्य श्रीमती शौखिन बिहारी लाल धीरहे, उपसरपंच प्रतिनिधि केसर भारद्वाज , सचिव कृष्णा चन्द्रा , पंचगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन,सक्रिय महिला पंचायत के गण मान्य व्यक्ति, माताएं, बहने, बुजुर्ग, कोटवार एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



## टीबी रोगियों को वितरित किया गया पोषण आहार

**सक्ती।** जिला प्रशासन एवं वेदांता लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पोरथा में टीबी रोगियों के लिए पोषण आहार वितरण कार्यक्रम आयोजित की गई। वेदांता लिमिटेड के छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्लाट, सिंधितराई के सौजन्य से निक्षय मित्र योजना अंतर्गत जिले के 50 टीबी रोगियों को गोद लिया गया है।

इस तारतम्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पोरथा में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल की उपस्थिति में टीबी रोगियों को पोषण आहार (फूड बास्केट) का वितरण किया गया। कार्यक्रम में वेदांता पावर प्लांट की ओर से हेड सीएसआर (पावर सेक्टर) सुश्री कृतिका भट्ट, हेड सीएसआर वीएलसीटीपीपी दीपक विश्वकर्मा, सीएसआर कोऑर्डिनेटर योगेंद्र डंसेना एवं टीम मेंबर सेंधन अमुथान उपस्थित रहे। साथ ही कार्यक्रम में नोडल अधिकारी एबीपीएमजेएवाई डॉ. सुदर्शन भारद्वाज, जिला क्षय अधिकारी डॉ. एस. आर. सिदार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री कीर्ति बड़ा, डीपीसी एबीपीएमजेएवाई श्री एस खान, टीबी कार्यक्रम प्रभारी श्री विनोद राठौर सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पोरथा का स्टाफ उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि वेदांता लिमिटेड के सौजन्य से 50 अत्यंत वृद्ध एवं आर्थिक रूप से कमजोर टीबी मरीजों को फूड बास्केट प्रदान किए गए। वेदांता समूह द्वारा आगामी 6 माह तक प्रतिमाह 50-50 फूड बास्केट उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया गया है।



टीबी रोगियों को फूड बिस्किट देते कलेक्टर एवं अन्य अतिथिगण।

### आयुष्मान कार्ड का किया गया वितरण

कार्यक्रम के दौरान 70 वर्ष से अधिक आयु के हितग्राहियों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत वय वंदना श्रेणी के आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया गया। सीएमएचओ डॉ. पूजा अग्रवाल द्वारा शासन की इस महत्त्वाकांक्षी योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को उपलब्ध कराए जा रहे निःशुल्क उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी गई तथा आयुष्मान कार्ड निर्माण प्रक्रिया का निरीक्षण कर आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया गया।

## निरंतर भगवान की कथा का करते रहना चाहिए रसपान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

छत्तीसगढ़ की काशी एवं माता शबरी के धाम आध्यात्मिक पौराणिक नगर खरौद में महामाया अध्यात्म परिषद खरौद के तत्वावधान में अंग्रेजी महीना के प्रथम रविवार को मासिक सत्संग अपने 14वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस अवसर पर मां महामाया के प्रांगण में जनवरी माह का सत्संग आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम माता की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात महिला मंडली द्वारा भजन कीर्तन किया गया। अध्यात्मपरिषद के वरिष्ठ सदस्य धनसाय यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान भोलेनाथ अपने भक्तों को बिना सोचे विचारे वरदान दे देते हैं। उन्होंने भस्मासुर का उदाहरण प्रस्तुत किया। अध्यात्म परिषद के हेमलाल यादव शिक्षक ने याज्ञवल्क्य और भारद्वाज के प्रसंग से कहा कि यद्यपि भारद्वाज जी को राम के बारे में सब कुछ मालूम था फिर भी उन्होंने यज्ञ याग्यवल्क्य से कथा सुनी। हमें भी निरंतर भगवान की कथा का रसपान करते रहना चाहिए। अध्यात्म परिषद के अध्यक्ष शिवरात्रि प्रसाद यादव ने सब का स्वागत और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यक्ति की संगति और बैठने के स्थान के महत्व को देखकर उस व्यक्ति के स्वभाव व्यवहार का आकलन हो जाता है इसलिए हमें अच्छे व्यक्ति की संगति करना और अच्छे स्थान में बैठना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हमें राम नाम कहनेकी आदत होनी चाहिए। कार्यक्रम को पार्षद नीलम यादव चंद्र प्रभायादव एवं कविता तुरकान ने भी संबोधित किया।



सत्संग करती महिलाएं।

## अब मजदूरों को निशिचत समय पर मिलेगा भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

▪ रसेड़ा ग्राम पंचायत में वीबीजी राम जी रोजगार/आवास दिवस का आयोजन, बड़ी संख्या में ग्रामीण हुए शामिल

ग्राम पंचायत रसेड़ा में वीबीजी राम जी रोजगार/आवास दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम के मजदूर, किसान एवं आवास योजना के हितग्राहियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार एवं आवास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत सचिव मुनीराम के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को आवास योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने आवास हितग्राहियों से शीघ्र आवास निर्माण कराने का आग्रह करते हुए बताया कि आने वाले समय में और भी पात्र हितग्राहियों को आवास का लाभ दिया जाएगा। इस अवसर पर पात्र हितग्राहियों की सूची का वाचन, नवस्वीकृत आवासों के प्रमाण पत्रों का वितरण तथा आवास निर्माण से संबंधित तकनीकी जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच श्रीमती जानकी देवी ने भी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और लोगों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। वहीं वार्ड सदस्य लोकनारायण निर्मलकर ने रोजगार एवं आवास दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हर गरीब परिवार को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार का प्राथमिक उद्देश्य है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना को सुदृढ़ करते हुए वीबीजी राम जी नाम से लागू किया गया है, जिसमें पूर्व की त्रुटियों में सुधार किया गया है। अब मजदूरों को निश्चित समय पर भुगतान, 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों का रोजगार, किसानों को अपनी निजी भूमि पर डाबरी निर्माण, मछली पालन, सोलर लाइट स्थापना सहित विभिन्न विकासात्मक कार्यों का अवसर मिलेगा।जी राम जी रोजगार दिवस के प्रमुख उद्देश्य,ग्रामीणों से रोजगार की मांग दर्ज कराना,आवास से जुड़ी सुविधाएं एवं जानकारी प्रदान करना एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को गति देना है। कार्यक्रम में जमुना निर्मलकर, कांति, रोजगार सहायिका चंद्रकला यादव, पूजा राज, राजेंद्र, पुनि दास सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण।



